हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 13.8.22 | 5 | 1-6 |

**हर घर तिरंगा अभियान** • शहरभर में कार्यक्रम आयोजित, तिरंगा यात्रा निकाली, स्कूलों में बच्चों ने निकाली रैली

# एचएयू में निकाली तिरंगा यात्रा, ओढ़ा तक जाएगी

## शहरी निकाय मंत्री बोले - तिरंगे की आन, बान व शान को बनाए रखना हर देशवासी का कर्तव्य

भास्कर न्यूज | हिसार

राष्ट्रीय ध्वज देश की प्रतिष्ठा व गौरव का प्रतीक है। इसकी आन, बान व शान को बनाए रखना प्रत्येक देशवासी का कर्तव्य है। यह बात शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कही। वे शुक्रवार को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के तहत सिरसा के ऐतिहासिक गांव ओढ़ा के लिए आयोजित तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा यह पहली बार हुआ है कि हमारा यह राष्ट्रीय उत्सव हर घर का उत्सव बन गया है। विशिष्ट अतिथि डिप्टी स्पीकर, विधानसभा, रणबीर गंगवा ने कहा कि युवा पीढ़ी इस देश का भविष्य है। मुख्यातिथि डॉ. कमल गुप्ता ने झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया। इस यात्रा में शामिल कर्मचारी व विद्यार्थी 75 की संख्या में बाइकों पर सन् 1857 की क्रांति के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए ओढ़ां (सिरसा) जाएंगे जबकि 200 बाइक व 50 ट्रैक्टर यात्रा करके



हिसार। एचएयू में शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा व कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज तिरंगा यात्रा को झंडी दिखाते हुए व यात्रा में शामिल छात्र व अन्य।

### हर घर तिरंगा अभियान में विश्वविद्यालय निभा रहा अग्रणी भूमिका : काम्बोज

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में यह विश्वविद्यालय अग्रणी भूमिका निभा रहा है। विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर के अतिरिक्त प्रदेशभर में स्थित इसके कृषि विज्ञान केन्द्रों, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों व कौल और बावल में स्थापित कृषि महाविद्यालयों के

### 75 वर्ष से अधिक आयु के प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित

कार्यक्रम में 75 वर्ष से अधिक आयु के प्रगतिशील किसानों व कृषक महिलाओं को कृषि के विकास में उनके द्वारा दिए गए महती योगदान के लिए विश्वविद्यालय ने सम्मानित किया। इनमें इन किसानों में महाबाहा के सुल्तान सिंह, नंगथला के ... किरमारा की किरण देवी,

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 13.8.22 | 4 | 3-6 |

# देश की प्रतिष्ठा-गरिमा का प्रतीक है राष्ट्रीय ध्वज

माई सिटी रिपोर्टर

**हिसार।** राष्ट्रीय ध्वज देश की प्रतिष्ठा व गरिमा का प्रतीक है। इसकी आन, बान व शान को बनाए रखना प्रत्येक देशवासी का कर्तव्य है। यह बात शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कही। वे आज चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के तहत सिरसा के ऐतिहासिक गांव ओढ़ा के लिए आयोजित तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा यह देशवासियों के लिए ऐतिहासिक क्षण है कि देश आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा कि तिरंगा के प्रति सम्मान और उनमें देशभक्ति की भावना जगाने के लिए बहुत जरूरी है। कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में यह विश्वविद्यालय अग्रणी भूमिका निभा रहा है।



एचएयू में बाइक तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मंत्री डॉ. कमल गुप्ता। संवाद

यात्रा में शामिल कर्मचारी व विद्यार्थी 75 की संख्या में बाइक पर सन 1857 की क्रांति के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए ओढ़ा (सिरसा) जाएंगे, जबकि 200 बाइक व 50 ट्रैक्टर शहर व गांव के विभिन्न क्षेत्रों में यात्रा करके लोगों को 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए जागरूक करेंगे। कार्यक्रम में 75 वर्ष से अधिक आयु के प्रगतिशील किसानों व कृषक महिलाओं को सम्मानित किया गया। इनमें स्याहड़वा के छत्तर सिंह, नंगथला के जयदयाल, किरतान की किरपा देवी, खासा महाजन की इंद्रावती, चिड़ौद के महेंद्र सिंह व बनारसी और असरावां के डॉ. हेतराम डूडी शामिल रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 13.8.22 | 9 | 4-8 |

### विश्वविद्यालय में निकाली तिरंगा यात्रा, सिरसा के ओढ़ां तक जाएगी

# तिरंगे की आन बनाए रखना देशवासी का कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

राष्ट्रीय ध्वज देश की प्रतिष्ठा व गरिमा का प्रतीक है। इसकी आन, बान व शान को बनाए रखना प्रत्येक देशवासी का कर्तव्य है। यह बात शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कही। वे शुक्रवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में अभियान के तहत सिरसा के ऐतिहासिक गांव ओढां के लिए आयोजित तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह देशवासियों के लिए ऐतिहासिक क्षण है कि देश आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है।



हिसार। तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाते शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा व कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज। फोटो : हरिभूमि

## डॉ. कमल गुप्ता ने दिखाई हरी झंडी

इस अवसर पर मुख्यातिथि डॉ. कमल गुप्ता ने झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया। इस यात्रा में शामिल कर्मचारी व विद्यार्थी 75 की संख्या में बाइकों पर वर्ष 1857 की क्रांति के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए ओढां (सिरसा)जाएंगे जबकि 200 बाइक व 50 ट्रेक्टर शहर व गांव विभिन्न क्षेत्रों में यात्रा करके लोगों को 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए जागरूक करेंगे।

## युवा पीढ़ी देश का भविष्य : रणबीर गंगवा

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा कि युवा पीढ़ी इस देश का भविष्य है। इसलिए उनको यह जानना बहुत जरूरी है कि आज हम यदि खुली हवा में सांस ले रहे है तो यह उन तीन लाख 27 हजार शहीदों के कारण जिन्होंने देश को आजाद कराने में अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। उन्होंने इस तिरंगा यात्रा में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय समुदाय विशेषकर विद्यार्थियों के उत्साह व उनकी भारी भागीदारी की प्रशंसा की।

## विवि निभा रहा अग्रणी भूमिका: प्रो. काम्बोज

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में यह विश्वविद्यालय अग्रणी भूमिका निभा रहा है। विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर के अतिरिक्त प्रदेशभर में स्थित इसके कृषि विज्ञान केन्द्रों, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों व कौल और बावल में स्थापित कृषि महाविद्यालयों के माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जन जागरण का कार्य किया जा रहा है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 13.8.22 | 4 | 2-6 |

## तिरंगे की आन, बान व शान को बनाए रखना प्रत्येक देशवासी का कर्तव्य : डा. गुप्ता

### हकृवि में निकाली गई तिरंगा यात्रा, सिरसा के ओढ़ां तक जाएगी

हिसार, 12 अगस्त (ब्यूरो) : राष्ट्रीय ध्वज देश की प्रतिष्ठा व गरिमा का प्रतीक है। इसकी आन, बान व शान को बनाए रखना प्रत्येक देशवासी का कर्तव्य है। यह बात शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कही। वे आज चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के तहत सिरसा के ऐतिहासिक गांव ओढ़ां के लिए आयोजित तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने देशवासियों से आह्वान किया कि होली, दीवाली जैसे त्योहारों की तरह हर साल आजादी का पर्व भी मिलजुल कर उत्साह के साथ मनाया जाना चाहिए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा कि युवा पीढ़ी इस देश का भविष्य है। इसलिए उनको यह जानना



शहरी निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता, डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा व कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज तिरंगा यात्रा को झंडी दिखाते हुए।

बहुत जरूरी है कि आज हम यदि खुली हवा में सांस ले रहे है तो यह उन तीन लाख 27 हजार शहीदों के कारण जिन्होंने देश को आजाद कराने में अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में यह विश्वविद्यालय अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर मुख्यातिथि डॉ. कमल गुप्ता ने झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया। इस यात्रा में शामिल कर्मचारी व विद्यार्थी 75 की संख्या में बाइकों पर सन् 1857 की क्रांति के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए ओढ़ां (सिरसा) जाएंगे जबकि 200 बाइक व 50 ट्रेक्टर शहर व गांव के विभिन्न क्षेत्रों में यात्रा करके लोगों को 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए जागरूक करेंगे। वहीं कार्यक्रम में 75 वर्ष से अधिक आयु के प्रगतिशील किसानों व कृषक महिलाओं को कृषि के विकास में उनके द्वारा दिए गए महती योगदान के लिए विश्वविद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। सम्मानित किए गए इन किसानों में स्याहड़वा के छत्तर सिंह, नंगथला के जयदयाल, किरतान की किरपा देवी, खासा महाजन की इंद्रावती, चिड़ौद के महेन्द्र सिंह व बनारसी और असरावां के डॉ. हेतराम ढूडी शामिल थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 13.8.22 | 5 | 4-8 |

# तिरंगे की आन, बान व शान बनाए रखना प्रत्येक देशवासी का कर्त्तव्य : डॉ. गुप्ता

## विश्वविद्यालय में निकाली गई तिरंगा यात्रा

हिसार, 12 अगस्त (विरेंद्र वर्मा) : राष्ट्रीय ध्वज देश की प्रतिष्ठा व गरिमा का प्रतीक है। इसकी आन, बान व शान को बनाए रखना प्रत्येक देशवासी का कर्तव्य है। यह बात शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कही। वे आज चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के तहत सिरसा के ऐतिहासिक गांव ओढां के लिए आयोजित तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।



शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, डिप्टी स्पीकर, विधानसभा, रणबीर गंगवा व कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज तिरंगा यात्रा को झंडी दिखाते हुए।

उन्होंने कहा यह देशवासियों के लिए ऐतिहासिक क्षण है कि देश आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। देश की स्वतंत्रता के बाद यह पहली बार हुआ है कि हमारा यह राष्ट्रीय उत्सव हर घर का उत्सव बन गया है। उन्होंने देशवासियों से आह्वान किया कि होली, दीवाली जैसे त्योहारों की तरह हर साल आजादी का पर्व भी मिलजुल कर उत्साह के साथ मनाया जाना चाहिए। इससे देशवासियों के दिलों में देशभक्ति की भावना जागृत होगी और विशेषकर युवाओं को तिरंगे के इतिहास को जानने कि कितनी कुर्बानियों व कठिन प्रयासों के बाद हमें अपना राष्ट्रीय ध्वज फहराने का अवसर मिला है।

### तीन लाख 27 हजार शहीदों के कारण हम खुली हवा में ले रहे सांस : रणबीर गंगवा

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डिप्टी स्पीकर, विधानसभा रणबीर गंगवा ने कहा कि युवा पीढ़ी इस देश का भविष्य है। इसलिए उनको यह जानना बहुत जरूरी है कि आज हम यदि खुली हवा में सांस ले रहे है तो यह उन तीन लाख 27 हजार शहीदों के कारण जिन्होंने देश को आजाद कराने में अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। उन्होंने इस तिरंगा यात्रा में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय समुदाय विशेषकर विद्यार्थियों के उत्साह व उनकी भारी भागीदारी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा इस प्रकार के कार्यक्रम लोगों को तिरंगा के प्रति सम्मान और उनमें देशभक्ति की भावना जगाने के लिए बहुत जरूरी है।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में यह विश्वविद्यालय अग्रणी भूमिका निभा रहा है। विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर के अतिरिक्त प्रदेशभर में स्थित इसके कृषि विज्ञान केन्द्रों, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों व कौल और बावल में स्थापित कृषि महाविद्यालयों के माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जन जागरण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया आज की तिरंगा यात्रा में उपरोक्त सभी केन्द्रों से बाइकों पर तिरंगा यात्राएं निकाली गई हैं। उन्होंने लोगों से राष्ट्रीय ध्वज को फहराने के साथ कार्यक्रम के उपरान्त इसको सम्मान पूर्वक संभाले जाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर मुख्यातिथि डॉ. कमल गुप्ता ने झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया। इस यात्रा मंश शामिल कर्मचारी व विद्यार्थी 75 की संख्या में बाइकों पर सन् 1857 की क्रांति के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए ओढ़ां (सिरसा) जाएंगे, जबकि 200 बाइक व 50 ट्रैक्टर शहर व गांव के विभिन्न क्षेत्रों में यात्रा करके लोगों को 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए जागरूक करेंगे।

### 75 वर्ष से अधिक आयु के प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित

कार्यक्रम में 75 वर्ष से अधिक आयु के प्रगतिशील किसानों व कृषक महिलाओं को कृषि के विकास में उनके द्वारा दिए गए महत्ती योगदान के लिए विश्वविद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। सम्मानित किए गए इन किसानों में स्याहड़वा के छत्तर सिंह, नंगथला के जयदयाल, किरतान की किरपा देवी, खासा महाजन की इंद्रावती, चिड़ौद के महेन्द्र सिंह व बनारसी और असरावां के डॉ. हेतराम डूडी शामिल थे।


चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक हिसार | 13.8.2022 | -- | -- |

# पर्यावरण का संरक्षण सिर्फ हमारा कर्तव्य ही नहीं बल्कि नैतिक जिम्मेवारी भी : कुलपति

## राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय के आह्वान पर हकृवि में किया गया पौधारोपण

हिसार: पर्यावरण का संरक्षण सिर्फ हमारा कर्तव्य ही नहीं बल्कि नैतिक जिम्मेवारी भी है। इसलिए हर व्यक्ति को पौधारोपण करना चाहिए। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविघालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने व्यक्त किए। वे



आज हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय के आह्वान पर विश्वविद्यालय में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

उन्होंने कहा पेड़ों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। इनसे हमें केवल जीवनदायनी ऑक्सीजन व फलों आदि के माध्यम से पोषक तत्व ही नहीं मिलते अपितु ये ईंधन व भवनों के लिए लकड़ी उपलब्ध कराने के साथ भूमि की गुणवत्ता को सुधारने व वर्षा कराने में भी बहुत सहायक हैं। पेडों का महत्व हमें कोरोना काल में विशेष रूप से देखने को मिला जब लोग आक्सीजन के लिए पार्कों आदि में पेडों के पास जाकर योग प्राणयाम कर रहे थे। इससे पौधों के प्रति लोगों की सोच बदली है। हमारी ऐसी सोच बननी चाहिए कि जहां कहीं खाली जगह दिखें वहां पेड़ लगा दें। इस अवसर पर उपस्थित विभिन्न समाचार पत्रों के संवादाताओं व छायाकारों ने भी पर्यावरण के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेवारी समझते हुए पौधारोपण किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म पर सड़क मार्ग के दोनों ओर सुंदरता के लिए कनेर व बुगलवेलिया के पौधे रोपे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हैलो हिसार | 13.8.2022 | -- | -- |

# तिरंगे की आन, बान व शान को बनाए रखना प्रत्येक देशवासी का कर्तव्यः डॉ. कमल गुप्ता

हिसार : राष्ट्रीय ध्वज देश की प्रतिष्ठा व गरिमा का प्रतीक है। इसकी आन, बान व शान को बनाए रखना प्रत्येक देशवासी का कर्तव्य है। यह बात शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कही। वे आज चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के तहत सिरसा के ऐतिहासिक गांव ओढ़ां के लिए आयोजित तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।



उन्होंने कहा यह देशवासियों के लिए ऐतिहासिक क्षण है कि देश आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। देश की स्वतंत्रता के बाद यह पहली बार हुआ है कि हमारा यह राष्ट्रीय उत्सव हर घर का उत्सव बन गया है। उन्होंने देशवासियों से आह्वान किया कि होली, दीवाली जैसे त्योहारों की तरह हर साल आजादी का पर्व भी मिलजुल कर उत्साह के साथ मनाया जाना चाहिए। इससे देशवासियों के दिलों में देशभक्ति की भावना जागृत होगी।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डिप्टी स्पीकर, विधानसभा, श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि युवा पीढ़ी इस देश का भविष्य है। इसलिए उनको यह जानना बहुत जरूरी है कि आज हम यदि खुली हवा में सांस ले रहे है तो यह उन तीन लाख 27 हजार शहीदों के कारण जिन्होंने देश को आजाद कराने में अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। उन्होंने इस तिरंगा यात्रा में हरियाणा कृषि

**विश्वविद्यालय में निकाली गई तिरंगा यात्रा, सिरसा के ओढ़ां तक जाएगी**

विश्वविद्यालय समुदाय विशेषकर विद्यार्थियों के उत्साह व उनकी भारी भागीदारी की प्रशंसा की।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में यह विश्वविद्यालय अग्रणी भूमिका निभा रहा है। विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर के अतिरिक्त प्रदेशभर में स्थित इसके कृषि विज्ञान केन्द्रों, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों व कौल और बावल में स्थापित कृषि महाविद्यालयों के माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जन जागरण का कार्य किया जा रहा है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिन्दुस्थान समाचार | 12.8.2022 | -- | -- |

## हिसार: तिरंगे की आन, बान व शान को बनाए रखना प्रत्येक देशवासी का कर्तव्य : डॉ. कमल गुप्ता

12 Aug 2022 18:36:43



एचएयू में निकाली गई तिरंगा यात्रा, सिरसा के ओढ़ां तक जाएगी


हिसार, 12 अगस्त (हि.स.)। राष्ट्रीय ध्वज देश की प्रतिष्ठा व गरिमा का प्रतीक है। इसकी आन, बान व शान को बनाए रखना प्रत्येक देशवासी का कर्तव्य है। यह बात शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने शुक्रवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के तहत सिरसा के ऐतिहासिक गांव ओढ़ां के लिए आयोजित तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि यह देशवासियों के लिए ऐतिहासिक क्षण है कि देश आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। देश की स्वतंत्रता के बाद यह पहली बार हुआ है कि हमारा यह राष्ट्रीय उत्सव हर घर का उत्सव बन गया है। उन्होंने देशवासियों से आह्वान किया कि होली, दीवाली जैसे त्योहारों की तरह हर साल आजादी का पर्व भी मिलजुल कर उत्साह के साथ मनाया जाना चाहिए।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा कि युवा पीढ़ी इस देश का भविष्य है। इसलिए उनको यह जानना बहुत जरूरी है कि आज हम यदि खुली हवा में सांस ले रहे हैं तो यह उन तीन लाख 27 हजार शहीदों के कारण जिन्होंने देश को आजाद कराने में अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में यह विश्वविद्यालय अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. कमल गुप्ता ने झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया। इस यात्रा में शामिल कर्मचारी व विद्यार्थी 75 की संख्या में बाइकों पर सन 1857 की क्रांति के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए ओढ़ां (सिरसा) जाएंगे जबकि 200 बाइक व 50 ट्रैक्टर शहर व गांव के विभिन्न क्षेत्रों में यात्रा करके लोगों को 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए जागरूक करेंगे।

हिन्दुस्थान समाचार/राजेश्वर/संजीव



संबंधि



14 Aug 2022

फरीदाबाद : मंडीपावस

फरीदाबाद, 14 अगस्त (हि.स




14 Aug 2022

राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारे

विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग

फरीदाबाद, 14 अगस्त (हि.स



14 Aug 2022

राजस्थान में दलित छात्र

हिसार, 14 अगस्त (हि.स.)

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स | 12.8.2022 | -- | -- |

# तिरंगे की आन, बान व शान को बनाए रखना प्रत्येक देशवासी का कर्तव्य : डॉ. कमल गुप्ता

**हकृवि में निकाली गई तिरंगा यात्रा, सिरसा के ओढ़ां तक जाएगी**



चिराग टाइम्स न्यूज

**हिसार।** राष्ट्रीय ध्वज देश की प्रतिष्ठा व गरिमा का प्रतीक है। इसकी आन, बान व शान को बनाए रखना प्रत्येक देशवासी का कर्तव्य है। यह बात शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कही। वे आज चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के तहत सिरसा के ऐतिहासिक गांव ओढ़ां के लिए आयोजित तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा यह देशवासियों के लिए ऐतिहासिक क्षण है कि देश आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। देश की स्वतंत्रता के बाद यह पहली बार हुआ है कि हमारा यह राष्ट्रीय उत्सव हर घर का उत्सव बन गया है। उन्होंने देशवासियों से आह्वान किया कि होली, दीवाली जैसे त्योहारों की तरह हर साल आजादी का पर्व भी मिलजुल कर उत्साह के साथ मनाया जाना चाहिए। इससे देशवासियों के दिलों में देशभक्ति की भावना जागृत होगी और विशेषकर युवाओं को तिरंगे के इतिहास को जानने कि कितनी कुर्बानियों व कठिन प्रयासों के बाद हमें अपना राष्ट्रीय ध्वज फहराने का अवसर मिला है।

## शहीदों के कारण हम खुली हवा में ले रहे सांस : रणबीर गंगवा

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डिप्टी स्पीकर, विधानसभा, श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि युवा पीढ़ी इस देश का भविष्य है। इसलिए उनको यह जानना बहुत जरूरी है कि आज हम यदि खुली हवा में सांस ले रहे है तो यह उन तीन लाख 27 हजार शहीदों के कारण जिन्होंने देश को आजाद कराने में अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। उन्होंने इस तिरंगा यात्रा में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय समुदाय विशेषकर विद्यार्थियों के उत्साह व उनकी भारी भागीदारी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा इस प्रकार के कार्यक्रम लोगों को तिरंगा के प्रति सम्मान और उनमें देशभक्ति की भावना जगाने के लिए बहुत जरूरी है।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में यह विश्वविद्यालय अग्रणी भूमिका निभा रहा है। विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर के अतिरिक्त प्रदेशभर में स्थित इसके कृषि विज्ञान केन्द्रों, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों व कौल और बावल में स्थापित कृषि महाविद्यालयों के माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जन जागरण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया आज की तिरंगा यात्रा में उपरोक्त सभी केन्द्रों से बाइकों पर तिरंगा यात्राएं निकाली गई हैं। उन्होंने लोगों से राष्ट्रीय ध्वज को फहराने के साथ कार्यक्रम के उपरान्त इसको सम्मान पूर्वक संभाले जाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि डॉ. कमल गुप्ता ने झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया। इस यात्रा में शामिल कर्मचारी व विद्यार्थी 75 की संख्या में बाइकों पर सन् 1857 की क्रांति के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए ओढ़ां (सिरसा) जाएंगे जबकि 200 बाइक व 50 ट्रैक्टर शहर व गांव के विभिन्न क्षेत्रों में यात्रा करके लोगों को 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए जागरूक करेंगे।

**75 वर्ष से अधिक आयु के प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित :** कार्यक्रम में 75 वर्ष से अधिक आयु के प्रगतिशील किसानों व कृषक महिलाओं को कृषि के विकास में उनके द्वारा दिए गए महती योगदान के लिए विश्वविद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। सम्मानित किए गए इन किसानों में स्याहड़वा के छत्तर सिंह, नंगथला के जयदयाल, किरतान की किरपा देवी, खासा महाजन की इंद्रावती, चिड़ौद के महेन्द्र सिंह व बनारसी और अग्ररावा के डॉ. हेतराम ढुडी शामिल थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 12.8.2022 | -- | -- |

# तिरंगे की आन, बान व शान को बनाए रखना प्रत्येक देशवासी का कर्तव्य : डॉ. कमल गुप्ता

समस्त हरियाणा न्यूज़

हिसार। राष्ट्रीय ध्वज देश की प्रतिष्ठा व गरिमा का प्रतीक है। इसकी आन, बान व शान को बनाए रखना प्रत्येक देशवासी का कर्तव्य है। यह बात शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कही। वे आज चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के तहत सिरसा के ऐतिहासिक गांव ओढ़ां के लिए आयोजित तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा यह देशवासियों के लिए ऐतिहासिक क्षण है कि देश आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। देश की स्वतंत्रता के बाद यह पहली बार हुआ है कि हमारा यह राष्ट्रीय उत्सव हर घर का उत्सव बन गया है। उन्होंने देशवासियों से आह्वान किया कि होली, दीवाली जैसे त्योहारों की तरह हर साल आजादी का पर्व भी मिलजुल कर उत्साह के साथ मनाया जाना चाहिए। इससे देशवासियों के दिलों में देशभक्ति की भावना जागृत होगी और विशेषकर युवाओं को तिरंगे के इतिहास को जानने

## तीन लाख 27 हज़ार शहीदों के कारण हम खुली हवा में ले रहे सांस : रणबीर गंगवा

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डिप्टी स्पीकर, विधानसभा, श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि युवा पीढ़ी इस देश का भविष्य है। इसलिए उनको यह जानना बहुत जरूरी है कि आज हम यदि खुली हवा में सांस ले रहे है तो यह इन तीन लाख 27 हज़ार शहीदों के कारण जिन्होंने देश को आजाद कराने में अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। उन्होंने इस तिरंगा यात्रा में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय समुदाय विशेषकर विद्यार्थियों के उत्साह व उनकी भारी भागीदारी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा इस प्रकार के कार्यक्रम लोगों को तिरंगा के प्रति सम्मान और उनमें देशभक्ति की भावना जगाने के लिए बहुत जरूरी है।

कि किसने कुर्बानियों व कठिन प्रयासों के बाद हमें अपना राष्ट्रीय ध्वज फहराने का अवसर मिला है। इस अवसर पर मुख्यातिथि डॉ. कमल गुप्ता ने झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया। इस यात्रा में शामिल कर्मचारी व विद्यार्थी

## हर घर तिरंगा अभियान में विश्वविद्यालय निभा रहा अग्रणी भूमिका : प्रो. बी.आर. काम्बोज

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में यह विश्वविद्यालय अग्रणी भूमिका निभा रहा है। विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर के अतिरिक्त प्रदेशभर में स्थित इसके कृषि विज्ञान केन्द्रों, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों व कौल और बावल में स्थापित कृषि महाविद्यालयों के माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जन जागरण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया आज की तिरंगा यात्रा में उपरोक्त सभी केन्द्रों में बाइकों पर तिरंगा यात्राएं निकाली गई हैं। उन्होंने लोगों से राष्ट्रीय ध्वज को फहराने के साथ कार्यक्रम के उपरान्त इसको सम्मान पूर्वक संभाले जाने का आह्वान किया।

75 की संख्या में बाइकों पर सन् 1857 की क्रांति के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए ओढ़ां (सिरसा) जाएंगे जबकि 200 बाइक व 50 ट्रैक्टर शहर व गांव के विभिन्न क्षेत्रों में यात्रा करके लोगों को 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए जागरूक करेंगे।



## 75 वर्ष से अधिक आयु के प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित

कार्यक्रम में 75 वर्ष से अधिक आयु के प्रगतिशील किसानों व कृषक महिलाओं को कृषि के विकास में उनके द्वारा दिए गए महती योगदान के लिए विश्वविद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। सम्मानित किए गए इन किसानों में स्याहड़वा के छत्तर सिंह, नंगथला के जयदयाल, किरतान की किरपा देवी, खासा महाजन की इंद्रावती, चिड़ौद के महेन्द्र सिंह व बनारसी और असरावां के डॉ. हेतराम हूडी शामिल थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 13.8.22 | 4 | 4-6 |

## हकृवि का पर्वतारोहण दल 15 अगस्त को लद्दाख की ऊंची चोटी

हिसार, 12 अगस्त (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का 20 सदस्यीय दल 15 अगस्त को लद्दाख की माउंट कांग यात्से (20570 फुट) चोटी पर तिरंगा फहराएगा। यह चोटी लद्दाख की राजधानी लेह से 30 कि.मी. दूर हेमिस नैशनल पार्क में स्थित है।



*माउंट कांग यात्से पर तिरंगा फहराने के लिए रवाना होने से पूर्व पर्वतारोहण दल विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ।*

कुलपति प्रो. बी.आर.काम्बोज ने इस दल के सदस्यों की सफलता की कामना करते हुए कहा विश्वविद्यालंय का माउंटेनियरिंग क्लब हमेशा ही बड़े-बड़े मुकाम हासिल करते आया है और इस बार भी निश्चित ही सफल होकर लौटेगा।

इस दल का मार्गदर्शन क्लब के अध्यक्ष जेनेटिक्क एंड प्लांट ब्रीडिंग विभाग के डॉ. मुकेश सैनी और इकोनॉमिक्स विभाग के डॉ. संजय भयाण कर रहे हैं जबकि विद्यार्थियों में दल का नेतृत्व रोहित कुंडु कर रहे हैं। विद्यार्थियों के इस दल में पूजा, प्रियंका, आदिती, नेहा, नैंसी, अंकुश, ईडेन, रक्षित, दीपांशु, सूरज, अभिलेख, अंकित सैनी, सुमित महला, अजय, रोहन, राहुल, शिवम, कुलजीत व तुषार शामिल हैं।


# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 13.8.22 | 2 | 1-5 |

**उत्साह • 20570 फीट ऊंची चोटी पर चढ़ने को दल रवाना**

# एचएयू का दल 15 अगस्त को लद्दाख की ऊंची चोटी पर फहराएगा तिरंगा

**सिटी रिपोर्टर •** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का 20 सदस्यीय दल 15 अगस्त को लद्दाख की माउंट कांग यात्से (20570 फीट) चोटी पर तिरंगा फहराएगा। यह चोटी लद्दाख की राजधानी लेह से 30 कि.मी. दूर हेमिस नेशनल पार्क में स्थित है। एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने दल के सदस्यों की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय का माउंटेनियरिंग क्लब हमेशा ही बड़े-बड़े मुकाम हासिल करते आया है और इस बार भी निश्चित ही सफल होकर लौटेगा। दल का मार्गदर्शन क्लब के अध्यक्ष जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग विभाग के डॉ. मुकेश सैनी और इकोनॉमिक्स विभाग के डॉ. संजय भयाण कर रहे हैं और विद्यार्थियों में दल का नेतृत्व रोहित कुंडू कर रहे हैं। विद्यार्थियों के इस दल में पूजा, प्रियंका, आदिती, नेहा, नैंसी, अंकुश, ईडेन, रक्षित, दीपांशु, सूरज, अभिलेख, अंकित सैनी, सुमित महला, अजय, रोहन, राहुल, शिवम, कुलजीत व तुषार शामिल हैं। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, कपिल अरोड़ा, सुखबीर सिंह, डॉ. संजय एलावादी आदि उपस्थित रहे।



# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 12.8.2022 | -- | -- |

# लद्दाख में माउंट कांग यात्से पर तिरंगा फहराएगा हकृवि का दल



हिसार/ 12 अगस्त/ रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का 20 सदस्यीय दल 15 अगस्त को लद्दाख की माउंट कांग यात्से (20570 फुट) चोटी पर तिरंगा फहराएगा। यह चोटी लद्दाख की राजधानी लेह से 30 किमी दूर हेमिस नेशनल पार्क में स्थित है। इस दल का मार्गदर्शन क्लब के अध्यक्ष जेनेटिक एंड प्लांट ब्रीडिंग विभाग के डॉ. मुकेश सैनी और इकोनॉमिक्स विभाग के डॉ. संजय भयाण कर रहे हैं जबकि विद्यार्थियों में दल का नेतृत्व रोहित कुंडु कर रहे हैं। उन्होंने बताया चोटी के शीर्ष से यह दल काराकोरम व जंस्कार पर्वत श्रृंखला के साथ-साथ समूचे लद्दाख का अद्‌भुत, अविस्मरणीय व विशाल दृश्य देखेंगे। विद्यार्थियों के इस दल में पूजा, प्रियंका, आदिती, नेहा, नैंसी, अंकुश, ईडन, रक्षित, दीपांशु, सूरज, अभिलेख, अंकित सैनी, सुमित महला, अजय, रोहन, राहुल, शिवम, कुलजीत व

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिन्दुस्थान समाचार | 12.8.2022 | -- | -- |

## | हिसार : लद्दाख की ऊंची चोटी पर तिरंगा फहराएगा एचएयू का पर्वतारोहण दल

12 Aug 2022 16:39:42



कुलपति ने दी दल के सदस्यों को शुभकामनाएं

हिसार, 12 अगस्त (हि.स.)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का 20 सदस्यीय दल 15 अगस्त को लद्दाख की माउंट कांग यात्से (20570 फुट) चोटी पर तिरंगा फहराएगा। यह चोटी लद्दाख की राजधानी लेह से 30 किलोमीटर दूर हेमिस नेशनल पार्क में स्थित है। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने शुक्रवार को इस दल के सदस्यों की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा विश्वविद्यालय का माउंटेनियरिंग क्लब हमेशा ही बड़े-बड़े मुकाम हासिल करते आया है और इस बार भी निश्चित ही सफल होकर लौटेगा। इस दल का मार्गदर्शन क्लब के अध्यक्ष जेनेटिक एंड प्लांट ब्रीडिंग विभाग के डॉ. मुकेश सैनी और इकोनॉमिक्स विभाग के डॉ. संजय भयाण कर रहे हैं जबकि विद्यार्थियों में दल का नेतृत्व रोहित कुंडू कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि चोटी के शीर्ष से यह दल काराकोरम व जंस्कार पर्वत श्रृंखला के साथ-साथ समूचे लद्दाख का अद्भुत, अविस्मरणीय व विशाल दृश्य देखेंगे। विद्यार्थियों के इस दल में पूजा, प्रियंका, आदिती, नेहा, नैंसी, अंकुश, ईडेन, रक्षित, दीपांशु, सूरज, अभिलेख, अंकित सैनी, सुमित महला, अजय, रोहन, राहुल, शिवम, कुलजीत व तुषार शामिल हैं। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, कुलपति सचिव कपिल अरोड़ा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह, सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. संजय एलावादी आदि उपस्थित रहे।

हिन्दुस्थान समाचार/राजेश्वर/संजीव

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स | 12.8.2022 | -- | -- |

## हकृवि का पर्वतारोहण दल 15 अगस्त को लद्दाख की ऊंची चोटी पर फहराएगा तिरंगा

चिराग टाइम्स न्यूज

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का 20 सदस्यीय दल 15 अगस्त को लद्दाख की माउंट कांग यात्से (20570 फुट) चोटी पर तिरंगा फहराएगा। यह चोटी लद्दाख की राजधानी लेह से 30 कि.मी. दूर हेमिस नेशनल पार्क में स्थित है। कुलपति प्रो. बी.आर.काम्बोज ने इस दल के सदस्यों की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय का माउंटेनियरिंग क्लब हमेशा ही बड़े-बड़े मुकाम हासिल करते आया है और इस



बार भी निश्चित ही सफल होकर लौटेगा। इस दल का मार्गदर्शन क्लब के अध्यक्ष जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग विभाग के डॉ. मुकेश सैनी और इकोनॉमिक्स विभाग के डॉ. संजय भयाण कर रहे हैं जबकि विद्यार्थियों में दल का नेतृत्व रोहित कुंडु कर रहे हैं। उन्होंने बताया चोटी के शीर्ष से यह दल काराकोरम व जंस्कार पर्वत श्रृंखला के साथ-साथ समूचे लद्दाख का अद्भुत, अविस्मरणीय व विशाल दृश्य देखेंगे। विद्यार्थियों के इस दल में पूजा, प्रियंक 2/6 ग्रा, नैंसी, अंकुश, त, दीपांशु, सूरज, आभलक्ष, अंकित सैनी, सुमित महला, अजय, रोहन, राहुल, शिवम, कुलजीत व तुषार शामिल हैं।

इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया, मीडिया एडवाइज़र डॉ. संदीप आर्य, कुलपति सचिव कपिल अरोड़ा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह, सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. संजय एलावादी आदि उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 12.8.2022 | -- | -- |

# चौ.च.सिं. हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का पर्वतारोहण दल 15 अगस्त को लद्दाख की ऊंची चोटी पर फहराएगा तिरंगा




समस्त हरियाणा न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का 20 सदस्यीय दल 15 अगस्त को लद्दाख की माउंट कांग यात्से (20570 फुट) चोटी पर तिरंगा फहराएगा। यह चोटी लद्दाख की राजधानी लेह से 30 कि.मी. दूर हेमिस नेशनल पार्क में स्थित है। कुलपति प्रो. बी.आर.काम्बोज ने इस दल के सदस्यों की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय का माउंटेनियरिंग क्लब हमेशा ही बड़े-बड़े मुकाम हासिल करते आया है और इस बार भी निश्चित ही सफल होकर लौटेगा। इस दल का मार्गदर्शन क्लब के अध्यक्ष जेनेटिक एंड प्लांट ब्रीडिंग विभाग के डॉ. मुकेश सैनी और इकोनॉमिक्स विभाग के डॉ. संजय भयाण कर रहे हैं जबकि विद्यार्थियों में दल का नेतृत्व रोहित कुंडु कर रहे हैं। उन्होंने बताया चोटी के शीर्ष से यह दल काराकोरम व जंस्कार पर्वत श्रृंखला का अद्भुत, अविस्मरणीय व विशाल दृश्य देखेंगे। विद्यार्थियों के इस दल में पूजा, प्रियंका, आदिती, नेहा, नैंसी, अंकुश, ईहेन, रक्षित, दीपांशु, सूरज, अभिलेख, अंकित सैनी, सुमित महला, अजय, रोहन, राहुल, शिवम, कुलजीत व तुषार शामिल हैं। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, कुलपति सचिव कपिल अरोड़ा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह, डॉ. संजय एलावादी उपस्थित रहे।